उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 32 /20/कम्प्यू0अनु0/2016-2020/09(2)/2016

लखनऊ : दिनांक : 22 अक्टूबर, 2020

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-9(2)/2016, आबकारी सिपाही (सामान्य चयन) परीक्षा-2016 के अंतर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के नियंत्रणाधीन आबकारी सिपाही के कुल रिक्त 405 पदों के सापेक्ष चयन हेतु दिनांक-25-09-2016 को संपन्न अर्हकारी प्रकृति की स्क्रीनिंग परीक्षा के आधार पर कुल 4902 अभ्यर्थियों को आयोग की बैठक दिनांक-22-10-2020 में लिये गये निर्णय के क्रम में चयन के अगले चरण शारीरिक परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया गया है।

2- यह परिणाम माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा आयोग के संशोधन प्रार्थना पत्र संख्या-08/2020 कनेक्टेड याचिका संख्या-ए-2187/2019 में पारित आदेश दिनांक-06-10-2020 के अनुपालन में जनपद लखनऊ के थाना विभूतिखण्ड में पंजीकृत अपराध संख्या-577/2016 एवं थाना हजरतगंज में पंजीकृत अपराध संख्या-765/2017 तथा जनपद अलीगढ़ के थाना क्वार्सी में पंजीकृत अपराध संख्या-878/2016 एवं थाना बन्ना देवी में पंजीकृत अपराध संख्या-740/2017 में संबन्धित माननीय न्यायालय द्वारा पारित होने वाले आदेशों और माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष विचाराधीन रिट याचिका संख्या-ए-45788/2016 आकाश सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।

3- प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्हकारी प्रकृति की स्क्रीनिंग परीक्षा के आधार पर शारीरिक परीक्षा हेतु अर्ह घोषित अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Home Page के अंतर्गत Results Segments पर जाकर, दिये गये लिंक पर क्लिक कर, अपना परिणाम देख सकते हैं। शारीरिक परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा के कार्यक्रम के संबन्ध में आयोग की वेबसाइट के माध्यम से पृथक से सूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि परीक्षा योजना के अनुसार उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा में प्राप्त अंकों को शारीरिक परीक्षा मे प्राप्त अंकों तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों में समाहित नहीं किया जायेगा।

4- गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1091/गोपन अनुभाग/2/58/2016/2020, दिनांक-22-10-2020 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) एतदद्वारा यथावत आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

संलग्नक- कटऑफ अंक-01 पृष्ठ।

22/10/2020
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्याः– 1091 / गोपन अनुभाग / 2 / 58 / 2016 / 2020
लखनऊः दिनांक 22 अक्टूबर, 2020

आयोग के विज्ञापन संख्या––09(2) / 2016 द्वारा विज्ञापित आबकारी सिपाही (सामान्य चयन) 2016 के अन्तर्गत कुल 405 रिक्त पदों पर चयन हेतु आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा के आधार पर शारीरिक परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक निम्नवत् हैः–

लम्बवत् आरक्षण का कटऑफ –

क्र0सं0	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	अनारक्षित	65.00
2	अनुसूचित जाति	63.00
3	अनुसूचित जनजाति	53.00
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	65.00

क्षैतिज आरक्षण का कटऑफ –

क्र0सं0	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	61
2	भूतपर्व सैनिक	43
3	विकलांग	पद चिन्हित नहीं है।
4	महिला	58

Santosh Kumar

22-10-2020

22/10/2020
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।